Regarding approval of Jhunjunu-Ratangarh-Mandawa-Fatehgarh Rail Line

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र झुन्झुनू का पिलानी एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है । वहां बिड़ला एजुकेशन ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस है और भारत सरकार का संस्थान सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट भी स्थापित है । वहां रेलवे लाइन के लिए रेल मंत्रालय ने सर्वे कराया था । इसके सर्वे का काम पूरा हो गया है । वहां के बहुत सारे लोग देश के दूसरे हिस्से में रहते हैं, व्यापार करते हैं । यहां के बहुत सारे लोग पूर्वी भारत में, उत्तरी भारत में सेना में कार्यरत हैं । बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में न केवल इस देश के छात्र अध्ययन करते हैं, बल्कि विदेश के लोग भी यहां आते हैं । फैकेल्टी में विदेशी लोग भी हैं और एरिया के लोग भी हैं । इलेक्ट्रॉनिक इंस्टीट्यूट, जो सेंट्रल गवर्नमेंट का संस्थान हैं, उसमें भी बहुत सारे वैज्ञानिक कार्यरत हैं । इन सबको वारो से ट्रेन पकड़नी पड़ती है । वारो से पिलानी का जो मैंने निवेदन किया है, उसका सर्वे हो चुका है । इसके सर्वे के बाद बजट देकर अतिशीघ्र उस काम को शुरू करायें, जिससे शिक्षा नगरी देश के रेलवे मानचित्र पर आ सके ।

यहां के आम आदमियों, विद्यार्थियों, मजदूरों, सैनिकों और किसानों को रेल सुविधा का लाभ मिलना चाहिए ।

इसके अलावा मेरी मांग है कि मेरे जिला मुख्यालय झुन्झुनू से रतनगढ़-मंडावा-फतेहगढ़ होकर रेल लाइन की स्वीकृति दी जाए । हमारे जिला में डिफेंस के लोगों को बॉर्डर पर जाना होता है, इससे उनको वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा और अन्य लोगों का रेल सुविधा से जुड़ाव हो जाएगा ।

मेरा निवेदन है कि आप यहां के सर्वे के लिए शीघ्र आदेश दें और यहां जो सर्वे हुआ है, उसके लिए बजट का आबंटन करें । धन्यवाद ।